## एक नजर में

### सांदीपनि विद्यालय में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम आयोजित



**बाकानेर।** सांदीपनि विद्यालय बाकानेर में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का अत्यंत उत्साह और गरिमा के साथ आयोजन किया गया इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं की सामाजिक आर्थिक और राजनीतिक भागीदारी को बढ़ावा देना तथा समाज में उनके योगदान का सम्मान करना था कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्राचार्य डॉ. अनीता सोनी, उच्च माध्यमिक शिक्षिका, हेमलता अग्रवाल द्वारा दीप प्रचलित कर किया गया इस अवसर पर विद्यालय की समस्त शिक्षिकाओं को सम्मानित कर नारी शक्ति सम्मान से नवाजा गया कार्यक्रम के दौरान एक विशेष चर्चा का आयोजन किया गया जिसमें महिला सुरक्षा आत्मनिर्भरता और सरकारी योजनाओं के लाभों पर प्रकाश डाला गया इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं सोनिया आफरीन द्वारा प्रेरणादाई भाषण दिया गया इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर अनीता सोनी ने अपने संबोधन में कहा कि नारी शक्ति केवल परिवार की धुरी ही नहीं बल्कि राष्ट्र की विकास का मुख्य आधार है आज की महिलाएं हर क्षेत्र में नेतृत्व कर रही है कार्यक्रम का संचालन संगीता सिंघारे ने किया

### सांदीपनि स्कूल सरदारपुर में लगा विधिक साक्षरता शिविर



**सरदारपुर।** सरदारपुर के शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में तहसील विधिक सेवा प्राधिकरण सरदारपुर के सचिव एवं जिला जज श्री हेमंत यादव। न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी सरदारपुर सुश्री रूही एजाज मेव। अभिभाषक संघ अध्यक्ष श्री कमल किशोर वैष्णव ने भाग लिया। शिविर को संबोधित करते हुए श्री यादव ने बताया कि देश में विधि अनुसार शासन चलता है। विद्यार्थियों को संबोधित करते हैं बताया कि बच्चों को नियमों का पालन करना चाहिए उन्हें सीखना चाहिए कि जीवन में विधि का क्या महत्व है। सुश्री रूही एजाज मेव ने संबोधित करते हुए बताया कि संविधान में नागरिकों को कितने अधिकार दिए हैं यदि नागरिक अधिकारों का उलंघन होता है तो नागरिक को कहां से और किस प्रकार से सहायता प्राप्त हो सकती है। शिविर को अभिभाषक संघ अध्यक्ष कमल किशोर वैष्णव ने भी संबोधित किया। संस्था प्राचार्य गब्बर सिंह पटेल ने शाला की उपलब्धि के बारे में बताया। इस अवसर पर संस्था के उप प्राचार्य श्री शांतिलाल वसुनिया रजनी मालवीय अभिषेक जैन बृजेश चौरसिया आदि संस्था के शिक्षक गण एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। शिविर का संचालन श्री संजय दीक्षित ने किया एवं आभार उपप्राचार्य श्री शांतिलाल वसुनिया ने माना।

### महाराणा प्रताप जयंती के उपलक्ष्य 7 मई को निकलेगी भव्य शौर्य यात्रा, बैठक में निर्णय



**बदनावर।** आगामी महाराणा प्रताप जयंती के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष निकलने वाली शौर्य यात्रा को लेकर युवा राजपूत संगठन द्वारा राजपूत समाज धर्मशाला, माथुर कॉलोनी में नवीन अध्यक्ष महिपाल सिंह पंचकवासा की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, बैठक की शुरुआत वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर वरिष्ठजनों द्वारा पुष्पमाला अर्पित कर की गई तथा संचालन संरक्षक भूपेंद्र सिंह जादौन ने किया, इस दौरान पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह कनवासा द्वारा गत वर्ष का आय-व्यय विवरण प्रस्तुत किया गया और नई कार्यकारिणी का विस्तार भी किया गया, शौर्य यात्रा के सफल आयोजन हेतु ठाकुर मनोहर सिंह फुलेड़ी को संयोजक एवं लोकेंद्र सिंह बैंगन्दा को सहसंयोजक नियुक्त किया गया, साथ ही नव नियुक्त पदाधिकारियों का पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया, बैठक में समाज के वरिष्ठ मार्गदर्शक दशरथ सिंह डोडिया, राजेंद्र सिंह पंवार (बापू), डॉ. गोपाल सिंह ठाकुर की उपस्थिति रही, संगठन में कोषाध्यक्ष के रूप में जितेंद्र सिंह जादौन, यात्रा प्रभारी ठाकुर ईश्वर सिंह सनावदा, सह प्रभारी राजेंद्र सिंह खेड़ी, यात्रा संरक्षक गोपाल सिंह सेमलिया एवं लखन सिंह गोहिल को जिम्मेदारी सौंपी गई, मीडिया प्रभारी के रूप में बंटी सिंह चौहान (सिलोदा) को नियुक्त किया गया तथा उपाध्यक्ष पद पर राजेंद्र सिंह सोलंकी (दूधवाल), अरुण सिंह बेंगन्दा और सुरेंद्र सिंह रेशमगारा को नियुक्ति दी गई, यह कार्यकारिणी गठन शंभू सिंह खेड़ी की अनुशंसा पर संगठन अध्यक्ष महिपाल सिंह पंचकवासा द्वारा किया गया, बैठक में सभी सदस्यों ने 7 मई को निकलने वाली शौर्य यात्रा को भव्य एवं ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया।

### रामपुरा के प्राचीन हनुमान मंदिर में जीर्णोद्धार कार्य शुरू, आकर्षक श्रृंगार ने मोह लिया भक्तों का मन



**कुक्षी।** समीपस्थ ग्राम रामपुरा स्थित अति प्राचीन हनुमान जी मंदिर में जन सहयोग के माध्यम से जीर्णोद्धार का कार्य ब? उत्साह के साथ किया जा रहा है। आस्था के इस केंद्र को भव्य रूप देने के लिए ग्रामीण और श्रद्धालु ब?-च?कर अपना योगदान दे रहे हैं। इस विशेष अवसर पर बाबा के भक्त मंडल द्वारा हनुमान जी का भव्य और आकर्षक श्रृंगार किया गया। प्रभु के मनोहारी रूप के दर्शन करने के लिए ब?ी संख्या में श्रद्धालु उम?। मंदिर समिति से जु? रोहित झंवर एवं संदीप झंवर ने जानकारी देते हुए बताया कि यह मंदिर क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र है। वर्तमान में जन सहयोग से मंदिर के कायाकल्प का कार्य गति पक? रहा है। उन्होंने बताया कि इस पुनीत कार्य में ग्रामीणों का अभूतपूर्व सहयोग मिल रहा है। श्रृंगार और विशेष पूजा-अर्चना की गई जिसमें वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप अगाल,गोलू,रवि,दीपक गुप्ता,लक्की डूंगरवाल आदि संख्या में भक्तों ने धर्म लाभ लिया।





# गौ-पूजन से परशुराम जन्मोत्सव शुरू, आज भव्य शोभायात्रा




**धार।** अक्षय तृतीया के पावन पर्व के उपलक्ष्य में शहर में श्री परशुराम जन्मोत्सव की धूम शुरू हो गई है। दो दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को बड़ी संख्या में समाजजनों ने प्रकृति वात्सल्य गौशाला पहुंचकर गौ-माता की सेवा के साथ उत्सव का शुभारंभ किया। गौ माता का विधि विधान से पूजन किया और गुड़ व गो ग्रास खिला कल आशीर्वाद लिया। गौ माता की आरती कर प्रसादी वितरण की गई।

सर्व ब्राह्मण समाज के जिला अध्यक्ष विश्वास पांडे और कार्यकारी जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र जोशी ने बताया कि प्रकृति और जीव सेवा ही वास्तविक धर्म है। इस अवसर जिला संयोजक अशोक शास्त्री, परशुराम यात्रा संयोजक ऋषि भार्गव, वरिष्ठ मार्गदर्शक ज्ञानेंद्र त्रिपाठी, उपाध्यक्ष गोटू शुक्ला, सचिव प्रवीण शर्मा, जितेंद्र पांडिया, विजय दवे, संतोष राजपुरोहित, तरुण जोशी, पुनीत तिवारी, चेतन शर्मा,सूर्या दुबे, वरदान तिवारी, नमन रावल, मंगेश शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा, संजय भट्ट, आदि उपस्थित थे।

**बच्चों ने दी धार्मिक और सांस्कृतिक प्रस्तुति...**

शाम को एक निजी गार्डन में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बच्चों ने अपनी प्रतिभा से समां बांध दिया। इसमें बच्चों ने एक से ब?कर एक लोक नृत्य, भजन और देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी, जिसे देख श्रोता मंत्रमुग्ध हो गये। समाज के प्रतिभावान बच्चों का भी सम्मान किया गया। इस दौरान मीना दुबे, सोनल दुबे,मोनिका शर्मा, जागृति शर्मा,ममता जोशी, का विशेष सराहनीय सहयोग रहा। उक्त जानकारी देते हुए पं. ज्ञानेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अंतर्गत आज 19 अप्रैल को सुबह 9ः00 बजे धारेश्वर मंदिर प्रांगण में 151 ब्राह्मण जोड़ो द्वारा रुद्राभिषेक किया जाएगा। वहीं दोपहर 12ः00 बजे बसंत विहार कॉलोनी स्थित परशुराम मंदिर में आरती की जावेगी। शाम 5ः00 बजे धारेश्वर मंदिर प्रांगण से भव्य शोभा यात्रा इसमें भगवान परशुराम की आकर्षक झांकी शामिल रहेंगी। शोभायात्रा शनिगली, जवाहर मार्ग, धान मंडी चौराहा होते हुए लालबाग परिसर में संपन्न होगी जिसमें बड़ी संख्या में समाज बंधु शामिल होंगे। शोभा यात्रा पश्चात महा आरती होगी एवं भोजन प्रसादी का आयोजन किया जाएगा।

# विद्योदय इंटरनेशनल स्कूल का बोर्ड परिणाम शत-प्रतिशत रहा



**मनावर। स्थानीय विद्योदय इंटरनेशनल स्कूल ने एक बार फिर शैक्षणिक उत्कृष्टता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हुए छ्क्स्थ कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में शत-प्रतिशत परिणाम हासिल किया है। विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने सफलता पूर्वक परीक्षा उत्तीर्ण कर संस्था का नाम गौरवान्वित किया।**

इस वर्ष के परीक्षा परिणामों में विशेष उपलब्धि यह रही कि विद्यालय के 12 विद्यार्थियों ने 90त्न से अधिक अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों की इस उल्लेखनीय सफलता से न केवल विद्यालय, बल्कि पूरे क्षेत्र में हर्ष और गर्व का वातावरण निर्मित हुआ है।

इस अवसर पर विद्योदय शिक्षण समिति के संचालक डॉ. नीलेश रावका, विपुल गंगवाल, आशीष गंगवाल, विवेक बड़जात्या, आयुष जैन, श्याम गुप्ता और नितिन नामदेव ने सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना तथा साथ हि निदेशक मंडल ने यह भी बताया कि विद्यालय का उद्देश्य केवल परीक्षा परिणामों तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है, जिससे वे जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर सकें।

विद्यालय के प्राचार्य श्री हेमंत भैरम के अनुसार यह उपलब्धि विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के निरंतर सहयोग का परिणाम है। विद्यार्थियों ने भी अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों एवं माता-पिता को देते हुए बताया कि नियमित अध्ययन, समय प्रबंधन एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

यह परिणाम एक बार पुनः सिद्ध करता है कि विद्योदय इंटरनेशनल स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता की नई ऊंचाइयों को निरंतर छू रहा है।

### बाग की बेटी नीरा अगाल को 10वीं में 94.8 प्रतिशत नंबर



**बाग।** बाग की बेटी नीरा प्रदीप अगाल ने कक्षा 10 वी सीबीएसई बोर्ड से 94.8 प्रतिशत बनांकर अपनी विद्यालय ओर नगर का नाम रोशन किया। नीरा की उपलब्धि पर परिवार ने खुशी व्यक्त की वही करुणेश रघुवंशी,सुनीता रघुवंशी, सहित माहेश्वरी समाजजनों ने बेटी नीरा को बधाई दी।

# धामनोद में आज निकलेगी परशुरामजी की शोभायात्रा

**धामनोद। अक्षय तृतीया एवं भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर रविवार, 19 अप्रैल को नगर में सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा विभिन्न धार्मिक आयोजनों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी।**

समाज के मीडिया प्रभारी प्रकाश जोशी ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः वेंकटेश बालाजी मंदिर में भगवान परशुराम के अभिषेक एवं महा आरती से होगी। महा आरती सुबह 10 बजे संपन्न होगी, जिसके पश्चात उपस्थित श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण की व्यवस्था रहेगी।

उन्होंने बताया कि सायंकाल 5 बजे वेंकटेश बालाजी मंदिर से भगवान परशुराम की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई सर्वमंगला मंदिर पहुंचेगी। वहां सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा महा आरती के साथ नुक्ती प्रसादी का वितरण किया जाएगा।

समाज के पदाधिकारियों ने समस्त ब्राह्मण समाजजनों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

# आरोपों की आड़ में तबादला, हाईकोर्ट ने दिया स्टे

- धामनोद नगर परिषद सीएमओ के तबादले पर कोर्ट ने लगाई रोक
- लोकायुक्त का हवाला बना ढाल



**धामनोद।** नगर परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी माया मंडलोई के तबादले पर आखिरकार हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए रोक कहते हुए यथावत रखने को आदेश दिया है। यह मामला अब केवल एक ट्रांसफर नहीं, बल्कि प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर बड़ा सवाल बनकर उभरा है।

याचिकाकर्ता की ओर से प्रस्तुत तथ्यों में साफ तौर पर बताया गया कि, तबादले के पीछे कोई ठोस आधार नहीं था, जबकि लोकायुक्त में दर्ज शिकायतों का हवाला जरूर दिया गया। कोर्ट ने इसी बिंदु को गंभीरता से लेते हुए पूछा कि जब शिकायतों पर कोई ठोस निष्कर्ष या दोष सिद्ध नहीं हुआ, तो आखिर इतनी जल्दबाजी में तबादला क्यों किया गया?

दस्तावेजों के अनुसार, याचिकाकर्ता के खिलाफ तीन अलग-अलग एफआईआर और लोकायुक्त शिकायतों का उल्लेख जरूर किया गया, लेकिन न्यायालय ने पाया कि इन मामलों में ऐसा कोई ठोस साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया, जिससे तत्काल तबादले को उचित ठहराया जा सके। न्यायालय ने स्पष्ट कहा कि यदि किसी अधिकारी के खिलाफ गंभीर आरोप होते और वे प्रमाणित होते, तो कार्रवाई अलग होती। लेकिन केवल आरोपों के आधार पर इस तरह का फैसला लेना नियमों के विपरीत है।

इसी आधार पर कोर्ट ने 10 अप्रैल 2026 को जारी तबादला आदेश पर अंतरिम रोक लगाते हुए याचिकाकर्ता को पुनः उसी पद पर यथावत रखने के निर्देश दिए हैं। साथ ही प्रतिवादी पक्ष को तीन सप्ताह के भीतर जवाब पेश करने को कहा गया है।

लोकायुक्त का हवाला, पर सबूत नदारद रहे। तीन एफआईआर का जिक्र, लेकिन ठोस आधार नहीं। कोर्ट बोला- बिना कारण ट्रांसफर नहीं.10 अप्रैल का आदेश फिलहाल बेअसर। क्या लोकायुक्त का नाम सिर्फ दबाव बनाने के लिए इस्तेमाल हुआ? बिना जांच पूरी हुए ट्रांसफर का आदेश क्यों? क्या यह प्रशासनिक मनमानी का मामला है?

## एक नजर में

**सिटी कॉन्वेंट हाई स्कूल के बच्चों ने 10वी बोर्ड परीक्षा में सफलता का परचम लहराया**

# मजदूर की बेटी राधिका को हाईस्कूल परीक्षा में 93 प्रतिशत, ब्लॉक में अव्वल

**बाग। शिक्षा के क्षेत्र में नगर की प्रतिष्ठित एवं अग्रिणी संस्था सिटी कॉन्वेंट हाई स्कूल के बच्चों ने कक्षा 10वी बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम से नगर और और संस्था को गौरवान्वित किया है।**




जानकारी अनुसार 10वी में राधिका अजय प्रजापति ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर बाग ब्लॉक में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। राधिका के पिता मजदूरी करते हैं और माता सिलाई करके उसे पढ़ा रहे है। विद्यालय में कुल 40 बच्चो ने प्रथम श्रेणी से परीक्षा उत्तीर्ण की है। कक्षा 10 वी का परिणाम इस प्रकार रहा भानुप्रिया नरवर जमरा 91.6त्न, माही महेश धारवाल 90त्न, रीया सोहन सोलंकी 89त्न, अंकित पेमा डुडवे 88.2त्न, अखिल देवीसिंह चौंगड 86.8त्न, एंजल जीवन शिन्दे 86.4त्न, हिमांशी दिलीप सिसोदिया 86.2त्न, कविता मालसिंह मोरी 85.6त्न, नैन्सी ओमप्रकाश जायसवाल 83.6त्न, यशवंत धनसिंह मंडलोई 83.6त्न, दितु केशर डावर 83.4त्न, जागृति ख?कसिंह जमरा 83.2त्न, विघ्नेश भेरुलाल धारवाल 83.2त्न, रोहित राजू बघेल 82.2त्न, सूरज जयराम अलावा 81.6त्न, नकुल निलेश अमेरिया 81.2त्न, राहुल मोहन रंधावे 80.8त्न, अक्षय कालू सिंह अलावा 79.6त्न , अश्विन राजू मंडलोई 79.4त्न, गौतम विजय धारवाल 78.6त्न, पायल जगदीश अलावा 78.2त्न, रंजना माधव सिसोदिया 77.4त्न, हिमांशु अजयसिंह जामोद 77त्न, सोनाक्षी जामसिंह मंडलोई 75.6त्न, शिवानी धनसिंह भंवर 75.2त्न, आदित्य दिलीप राठौर 74.4त्न, गायत्री प्रताप मंडलोई 73.2त्न, विकास लालसिंह माली 73.2त्न, नितेश छगनसिंह मेडा 72.8त्न, मीनाक्षी जामसिंह मंडलोई 72.2त्न, अमन हरि धारवाल 69.2त्न, कृतिका दुर्गेश चौहान 68.6त्न, योगेश जालमसिंह अनारे 67.8त्न, हर्ष संजय प्रजापति 67.6त्न, क्रियांशु सरदार रावत 65.5त्न, , प्रतिभा नरेंद्र रावत 65त्न, अश्विन रमेश सोलंकी 65, शर्मिला छगन पांचाल 63. 6 प्रतिशत अंक पाए।

स्कूल संचालक विष्णु जायसवाल ने बच्चों के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम की सफलता पर बधाई दी और उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी और कहा कि बच्चो ने आज अपने परीक्षा परिणाम से अपने सपनों की ओर सफलता का एक कदम और बढ़ाया है। संस्था सिटी कॉन्वेंट हाई स्कूल लगातार कई वर्षों से बोर्ड परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ परिणाम दे रही है। वहीं राजेश जायसवाल ने यह भी बताया कि विद्यालय द्वारा कक्षा 8वी में 85त्न या इससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले बच्चो को विद्यालय स्तर पर साइकिल प्रदान की जाएगी एवं कक्षा 10 वी और 12 वीं में 90त्न प्रतिशत या इससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले बच्चो को विद्यालय द्वारा लैपटॉप प्रदान किया जाएगा। अभिभावकों ने भी बच्चो की उत्कृष्ट उपलब्धि पर स्कूल संचालक , शिक्षकों और समस्त स्कूल स्टाफ की प्रशंसा करते हुए बधाई दी।